# Rapid Fire करेंट अफेयर्स (14 March)

- 14 मार्च को **विश्व किडनी दिवस** दुनियाभर में आयोजित किया गया। हर वर्ष मार्च महीने के दूसरे बृहस्पतिवार को इस दिवस का आयोजन किया जाता है। इसका उद्देश्य किडनी रोग और उससे संबंधित अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के प्रभाव को कम करना तथा मानव स्वास्थ्य में किडनी के महत्त्व के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना है। **विश्व किडनी दिवस** को 2006 से मनाना शुरू किया गया था और यह एक प्रकार से वैश्विक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता अभियान है। 2019 के लिये इस दिवस की थीम **Kidney Health for Everyone Everywhere** रखी गई है। विश्व किडनी दिवस एक अभियान है, जो किडनी रोगों के बढ़ते प्रकोप को दर्शाने और silent killer कहे जाने वाले इस रोग के प्रति लोगों को सचेत करने का काम करता है।
- 13 मार्च की देर रात चीन ने संयुक्त **राष्ट्र सुरक्षा परिषद** में एक बार फिर जैश सरगना **मसूद अज़हर** को वैश्विक आतंकी (Global Terrorist) घोषित करने वाले प्रस्ताव के विरोध में अपनी वीटो पावर का इस्तेमाल कर उसे बचा लिया। जबकि परिषद के चार अन्य स्थायी सदस्यों- अमेरिका, ब्रिटेन, फ्राँस और रूस ने प्रस्ताव का समर्थन किया था। गौरतलब है कि सुरक्षा परिषद में चौथी बार चीन ने इस प्रस्ताव पर वीटो का इस्तेमाल किया है। सुरक्षा परिषद की **1267 प्रतिबंध समिति** के समक्ष अज़हर मसूद को वैश्विक आतंकी घोषित करने के लिये फ्राँस, ब्रिटेन और अमेरिका ने 27 फरवरी को प्रस्ताव पेश किया था। इसके बाद समिति ने सदस्य देशों को आपत्ति दर्ज करने के लिये 10 दिनों का समय दिया था।
- भारत और ओमान के बीच संयुक्त सैन्याभ्यास **'अल-नागाह-III'** की शुरुआत 13 मार्च को जबल रेजिमेंट, निज़वा, ओमान में हुई। ओमान के सैन्य दल का प्रतिनिधित्व वहाँ की रॉयल सेना की जबल रेजिमेंट की टुकड़ी कर रही है, जबकि भारतीय सेना का प्रतिनिधित्व गढ़वाल राइफल रेजिमेंट की 10वीं बटालियन की टुकड़ी द्वारा किया जा रहा है। 25 मार्च तक चलने वाले इस अभ्यास में दोनों देश के सैनिक संयुक्त राष्ट्र घोषणा के अंतर्गत पर्वतीय इलाकों में संयुक्त रूप से आतंकवाद विरोधी कार्रवाइयों में अपनी निपुणता और तकनीकी कौशल का प्रदर्शन करेंगे। इससे पहले दोनों देशों के बीच अल-नागाह-II सैन्याभ्यास 2017 में हिमाचल प्रदेश में धौलाधार पहाड़ियों के बीच स्थित बकलोह में हुआ था। पहला अल नागाह अभ्यास 2015 में ओमान में आयोजित किया गया था।
- मध्य प्रदेश सरकार ने **अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)** के लिये आरक्षण को 14% से बढ़ाकर 27% करने हेतु अध्यादेश जारी किया है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा अध्यादेश को मंज़ूरी देने के साथ ही मध्य प्रदेश OBC के लिये 27% आरक्षण का प्रावधान करने वाला देश का एकमात्र राज्य बन गया है। साथ ही प्रदेश में कुल आरक्षण 70% से अधिक हो गया है। मध्य प्रदेश में अनुसूचित जाति (SC) के लिये 16% और अनुसूचित जनजाति (ST) के लिये 20% आरक्षण सीमा है।
- इधर कुछ समय से लगातार चर्चा में बने हुए भगवान अयप्पा के प्रसिद्ध **सबरीमाला मंदिर** में वार्षिकोत्सव की शुरुआत हो गई है। मंदिर के कपाट 10 दिनों तक चलने वाले वार्षिक उत्सव और मासिक पूजा के लिये खुल गए हैं। इसके लिये पारंपरिक 'कोदियेट्टू' से शुद्धिकरण अनुष्ठान की शुरुआत की गई। गौरतलब है कि पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान अयप्पा को शिव और मोहिनी (विष्णु जी का एक रूप) का पुत्र माना जाता है। भगवान अयप्पा को अयप्पन, शास्ता, मणिकांता नाम से भी जाना जाता है। दक्षिण भारत में इनके कई मंदिर हैं और उन्हीं में से एक प्रमुख मंदिर है सबरीमाला। यह मंदिर केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम से 175 किलोमीटर दूर पहाड़ियों पर स्थित है और चारों तरफ से पहाड़ियों से घिरा हुआ है।
- ब्रिटेन की रॉयल मिंट ने मशहूर वैज्ञानिक **स्टीफन हॉकिंग** के सम्मान में 50 पेंस का एक **नया सिक्का** जारी किया है जो ब्लैक होल पर की गई उनकी रिसर्च को समर्पित है। पूरी तरह लकवाग्रस्त होने की वज़ह से स्टीफन हॉकिंग व्हीलचेयर पर ही रहते थे और वह बोलने में भी असमर्थ थे। वॉइस सिंथेसाइज़र की मदद से वह अपने विचार प्रकट करते थे। 21 वर्ष की आयु में वह मोटर न्यूरोन बीमारी से पीड़ित हो गए थे। स्टीफन हॉकिंग ने क्वांटम फिजिक्स के अलावा ब्लैक होल, बिग बैंग और सापेक्षता के सिद्धांत के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण शोध किये। इस सिक्के का अनावरण स्टीफन हॉकिंग की बेटी लूसी एवं बेटे टिम ने किया। गौरतलब है कि ब्रिटेन की रॉयल मिंट इससे पहले आइज़ैक न्यूटन और चार्ल्स डार्विन के सम्मान में भी सिक्का जारी कर चुकी है।
- **लंदन पुस्तक मेला** 12 से 14 मार्च तक लंदन ओलंपिया में आयोजित किया गया। भारत ने भी इस मेले में हिस्सा लिया और भारतीय मंडप में महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर विशेष ध्यान दिया गया। इसमें भारत की संस्कृति, इतिहास, लोक साहित्य के अन्य विविध शीर्षकों के अलावा 'कलेक्टिड वर्क्स ऑफ महात्मा गांधी' के डिजिटल संस्करण का प्रदर्शन किया गया। महात्मा गांधी के जीवन और काल के बारे में एक संवादात्मक डिजिटल मीडिया अनुभव, स्टेच्यू ऑफ यूनिटी और भारत की अन्य मुख्य उपलब्धियाँ भी इस मंडप में दर्शाई गईं।
- नासा ने एक सुपर कार्गो प्लेन **सुपर गप्पी** (Super Guppy) बनाया है, जो बड़े और भारी सामानों की सुपरफास्ट डिलीवरी करने का काम आसान बना देगा। हाल ही में इस प्लेन ने सफलतापूर्वक अपनी पहली उड़ान पूरी की है, जिसमें इस प्लेन ने 30 फुट चौड़े डबल डेकर जितने बड़े डिब्बे को कैलिफोर्निया से वर्जीनिया तक सफलतापूर्वक पहुँचाया। Aero Spacelines द्वारा निर्मित यह प्लेन किसी विशाल व्हेल मछली की तरह दिखता है, जिसका कॉकपिट वाला हिस्सा ढक्कन की तरह खुल जाता है। दरअसल यह एक बोइंग 377 विमान है, लेकिन भारी-भरकम चीज़ों को ढोने के लिये इसमें फेरबदल किया गया है। इसके लिये प्लेन के ढाँचे को स्टील से मज़बूत धातुओं और कार्बन कंपोजिट से बनाया गया है। यह प्लेन 460 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रफ्तार से उड़ान भर सकता है। Aero Spacelines ने सुपर गप्पी से पहले ऐसा ही एक प्लेन 'प्रेगनेंट गप्पी' के नाम से बनाया था।
- दिल्ली के फीरोजशाह कोटला में खेले गए पाँचवें और अंतिम एकदिवसीय मैच में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 35 रन से पराजित कर 3-2 से सीरीज़ पर कब्ज़ा कर लिया। यह 28 महीने बाद हुआ, जब भारत को अपने घरेलू मैदानों पर हार का सामना करना पड़ा है। विराट कोहली की कप्तानी में टीम इंडिया पहली बार एकदिवसीय सीरीज़ हारी है। आपको बता दें कि भारत ने ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में पाँच मैचों की टेस्ट सीरीज़ में 3-1 से और एकदिवसीय सीरीज़ में 2-1 से हराया था। ऑस्ट्रेलिया के ओपनर उस्मान ख्वाजा को **मैन ऑफ द सीरीज़** चुना गया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-march-14